समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 10 September 2026

# तहसील भादरा मे बाबा साहब की 135वीं जयंती धूमधाम से मनी, जयंती पर विनम्र अभिवादन

राजेश चौधरी

Published on 15 Apr 2026



तहसील भादरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अंबेडकर नवयुवक संघ के तत्वावधान में अंबेडकर विहार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहब को जयंती पर विनम्र अभिवादन अर्पित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष लीलू राम तैनाण ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राहुल कस्वां मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी, पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी, कॉमरेड बलवान पूनिया सहित कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि राहुल कस्वां ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अंबेडकर भवन भादरा में एक लाइब्रेरी स्थापित करने की घोषणा भी की।

पूर्व संसदीय सचिव जयदीप डूडी ने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन को याद करते हुए कहा कि आज सर्व समाज द्वारा उनकी जयंती मनाना उनके विचारों की व्यापक स्वीकृति को दर्शाता है। वहीं कॉमरेड बलवान पूनिया ने संविधान के पालन और शिक्षा के प्रसार को समाज की उन्नति का आधार बताया।

पूर्व विधायक डॉ. सुरेश चौधरी ने युवाओं को नशे से दूर रहने और बाबा साहब के संदेश—“शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो”—को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए सामाजिक समानता, न्याय और शिक्षा के महत्व पर बल दिया।

इस अवसर पर संगठन की ओर से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, राजकीय सेवाओं में चयनित कार्मिकों एवं

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन उप प्राचार्य ओम सुड्डा ने किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई। पूरे आयोजन में उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.